दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 02 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 07


### आवश्यक सूचना
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एक शख्स ने बेटी के सामने की पत्नी की चाकू मारकर हत्या
**नई दिल्ली (आरएनएस)।** यहां द्वारका के मोहन गार्डन में एक व्यक्ति ने अपनी नौ साल की बेटी के सामने अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, शुक्रवार शाम को उन्हें एक दंपत्ति के बीच लड़ाई की बात का फोन आया और यह भी की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई है। पुलिस ने कहा, नवादा काकरोला हाउसिंग कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में मौके पर पहुंचने पर, पुलिस ने महिला को खून से लथपथ पाया और पति गायब था। वहीं उनकी नौ वर्षीय बेटी ने पुष्टि की कि दंपति के बीच लड़ाई हुई और वह गुस्से में था, साथ ही यह भी कहा की उसके पिता ने उसकी मां पर चाकू से वार किया। मृतक की पहचान आरती के रूप में हुई है जबकि उसके पति की पहचान स्कूल शिक्षक संजय के रूप में हुई है। इस संबंध में मोहन गार्डन थाने में आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी को पकडऩे के लिए एक टीम का गठन किया गया है।

### केदारनाथ मंदिर के पास भरभराकर गिरा बर्फ का पहाड़, तीर्थ यात्रियों में दहशत
**रुद्रप्रयाग (आरएनएस)।** उत्तराखण्ड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित भगवान शिव के पांचवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के पास शनिवार सुबह हिमस्खलन होने से तेज बर्फीली हवाएं चलने लगी। पहाड़ के भरभराकर गिरने से तीर्थ यात्रियों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल देखने को मिला। लेकिन, राहत की बात रही कि धाम और किसी भी तीर्थ यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन रजवार ने बताया कि प्रात: लगभग साढ़े पांच बजे से छह बजकर 10 मिनट के बीच हिमस्खलन हुआ। हिमस्खलन से केदारघाटी में किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नही हुआ है। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर से हिमस्खलन क्षेत्र की दूरी लगभग छह से सात किलोमीटर है। भूस्खलन के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। पुलिस-प्रशासन की ओर से संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही तीर्थ यात्रियों को एहतियात बरतने की भी सलाह दी जा रही है। आपको बता दें कि वर्ष 2013 में केदार वैली में चोराबाड़ी झील के टूटने से मंदाकिनी नदी में बाढ़ आ गई थी। आपदा में हजारों श्रद्धालुओं की जान भी गई थी।

### छेड़खानी के आरोप में रेलवे स्टेशन अधीक्षक निलंबित
**मऊ (आरएनएस)।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी गोरखपुर रेल खंड पर मऊ जंक्शन स्टेशन के अधीक्षक पर उनके ही कार्यालय की एक महिलाकर्मी ने छेड़खानी का आरोप लगाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन अधीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन अधीक्षक जितेंद्र चौधरी पर उनके ही कार्यालय की एक महिला सहकर्मी ने मोबाइल फोन पर अश्लील बात करने का आरोप लगाया है। जिसको लेकर उक्त महिला ने मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी के कार्यालय में शिकायत किया। मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए स्टेशन अधीक्षक चौधरी को निलंबित कर दिया गया। इस प्रकरण में शिकायत की जांच कर अग्रिम कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं।

### पीएफआई की हिट लिस्ट में 5 आरएसएस नेताओं के नाम, केंद्र सरकार ने दी वाई श्रेणी सुरक्षा
**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय खुफिया एजेंसियों को इनपुट मिला है कि प्रतिबंधित कट्टरपंथी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की हिट लिस्ट में केरल के 5 आरएसएस नेता हैं। वहीं इसके बाद गृह मंत्रालय ने शनिवार को इन नेताओं को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान देने की घोषणा की है। सूत्रों के अनुसार, एनआईए को छापेमारी के दौरान केरल पीएफआई सदस्य मोहम्मद बशीर के घर से एक सूची मिली, जिसमें कथित तौर पर पीएफआई के रडार पर आरएसएस के पांच नेताओं के नाम थे। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को जानकारी मिली है कि प्रतिबंध लगाने के बाद केरल के पांच आरएसएस नेता पीएफआई की हिट लिस्ट में हैं। एनआईए ने मामले की जानकारी गृह मंत्रालय को साझा की, जिसके बाद सरकार ने यह फैसला लिया।

# भारत में अब 5जी : नो बफरिंग-नो फ्रीजिंग; स्पीड अमेजिंग

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक नए तकनीकी युग की शुरुआत करते हुए आज देश में 5जी सेवाओं का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने भारतीय मोबाइल सम्मेलन (आईएमसी) के छठे संस्करण के उद्घाटन के साथ ही देश में 5 जी सेवाओं का भी शुभारंभ किया। आईएमसी 2022 का आयोजन 01 से 04 अक्टूबर तक 'न्यू डिजिटल यूनिवर्स' विषय के साथ किया जा रहा है। मोदी द्वारा चुनिंदा 13 शहरों में लॉन्च किया जायेगा। 5जी अगले कुछ वर्षों में पूरे देश को कवर करेगा। 5जी तकनीक से निर्बाध कवरेज, उच्च डेटा दर, कम विलंबता और अत्यधिक विश्वसनीय संचार सुविधाऐं प्राप्त की जा सकेंगी। इससे ऊर्जा दक्षता, स्पेक्ट्रम दक्षता और नेटवर्क दक्षता में भी बेहतर रूप से सुधार होगा। इस मौके पर संचार, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और संचार राज्य मंत्री देवुसिंह चौहान के साथ ही देश की प्रमुख दूरसंचार कंपनियों के प्रमुख भी मौजूद थे। इसमें रिलायंस जियो का संचालन करने वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी, भारती एयरटेल के सुनील भारती मित्तल और वोडाफोन आइडिया के कुमार मंगलम बिरला, रिलायंस जियो के अध्यक्ष आकाश अंबानी मौजूद थे।

मोदी ने प्रदर्शनी का भी अनावरण किया। उन्होंने रिलायंस जियो और एयरटेल के स्टॉल में 5 जी प्रौद्योगिकी के उपयोग को देखने के साथ ही स्टार्ट अप के पवेलियन में भी उनके द्वारा विकसित उपकरणों को भी देखा। इसके साथ ही सी डॉट द्वारा विकसित स्वदेशी 5जी कोर का भी अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने करीब एक घंटे तक प्रदर्शनी को देखा और 5 जी, 4 जी के साथ ही आईआईटी, मशीन लर्निंग जैसे अत्याधुनिक प्रोद्योगिकी को देखा।

भारत में 5जी तकनीक की क्षमता दिखाने के लिए देश के 3 प्रमुख टेलीकॉम ऑपरेटर्स ने एक-एक कर प्रधानमंत्री के सामने डेमो दिया। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो ने मुंबई के एक स्कूल के शिक्षक को महाराष्ट्र, गुजरात और ओडिशा में तीन अलग-अलग स्थानों के




छात्रों से जोड़ा। इससे प्रदर्शित हुआ कि कैसे 5जी शिक्षकों को छात्रों के करीब लाकर, उनके बीच की शारीरिक दूरी को मिटाकर शिक्षा की सुविधा प्रदान करेगा। जियो के डेमा ने स्क्रीन पर ऑगमेंटेड रियलिटी की शक्ति को प्रदर्शित किया और बताया कि इसका उपयोग देश भर के बच्चों को एआर डिवाइस की आवश्यकता के बिना, दूरस्थ रूप से सिखाने के लिए कैसे किया जा सकता है।

एयरटेल के डेमो में, उत्तर प्रदेश की एक लडक़ी ने वर्चुअल रियलटी और ऑगमेंटेड रियलिटी की मदद से सोलर सिस्टम के बारे में जानने के लिए एक जीवंत अनुभव का आनंद लिया। उसने होलोग्राम के माध्यम से मंच पर उपस्थित होकर प्रधानमंत्री के साथ सीखने के अपने अनुभव को साझा किया। वोडाफोन-आइडिया ने डेमो में दिल्ली मेट्रो की एक निर्माणाधीन सुरंग में कामगारों की सुरक्षा को मंच पर सुरंग के 'डिजिटल ट्विन' के निर्माण के माध्यम से प्रदर्शित किया। डिजिटल ट्विन दूरस्थ स्थान से वास्तविक समय में श्रमिकों को सुरक्षा अलर्ट देने में मदद करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने वीआर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके वास्तविक समय में काम की निगरानी के लिए मंच से लाइव डेमो देखा।

### दिसंबर 2023 तक पूरे देश में पहुंच जाएगी 5जी सर्विस : मुकेश अंबानी
रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने 5जी को डिजिटल कामधेनु बताते हुए आज घोषणा कि की रिलायंस जियो दिसंबर 2023 के अंत तक पूरे देश में 5जी सेवा पहुंचा देगी और 5जी के 5 लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ ही यह देश को बदल सकता है। अंबानी ने आज यहां शुरु हुए चार दिवसीय इण्डिया मोबाइल कांग्रेस और देश में 5 जी सेवा की शुरुआत के अवसर पर यह बात कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 5जी सेवा लॉन्च किए जाने से पहले अंबानी ने कहा कि भारत के 5जी युग में तेजी से आगे बढऩे के लिए उठाए गए कदम प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प का परिणाम हैं। यह खुशी की बात है क्योंकि 5जी अगली पीढ़ी की कनेक्टिविटी तकनीक से कहीं बढक़र है। यह एक मूलभूत तकनीक है जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, रोबोटिक्स, ब्लॉकचैन और मेटावर्स जैसी अन्य परिवर्तनकारी तकनीकों की पूरी क्षमता को अनलॉक करती है। उन्होंने कहा कि भारत में 5जी का रोलआउट भारत के दूरसंचार इतिहास में कोई सामान्य घटना नहीं है। यह 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीदों और उच्च आकांक्षाओं को अपने कंधे पर उठाए हुए है। 5जी के साथ, भारत सब का डिजिटल साथ और सब का डिजिटल विकास की दिशा में मजबूत कदम उठाएगा। भारत ने भले ही थोड़ी देर से शुरुआत की हो, लेकिन हम दुनिया की तुलना में उच्च गुणवत्ता वाली और अधिक किफायती 5जी सेवाओं को शुरू करेंगे। अंबानी ने दिसंबर 2023 तक देश के हर शहर, हर तालुका और हर तहसील में 5जी पहुंचाने की जियो की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि जियो की अधिकांश 5जी भारत में विकसित की गई है, इसलिए आत्मनिर्भर भारत की मुहर इस पर लगी है। उन्होंने कहा कि 5जी के 5 लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ ही यह राष्ट्र को बदल सकता है।

## बिहार, बंगाल और छत्तीसगढ़ में अगले 3 दिनों तक होगी झमाझम बारिश, कई राज्यों में भी बरसेंगे बादल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में आज भारी वर्षा की संभावना है। एक चक्रवाती परिसंचरण उत्तर-पूर्व और उससे सटे पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी में उभरने की संभावना है। इसके कारण 2 अक्टूबर से पूर्वी भारत में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश की संभावना है। मौसम की भविष्यवाणी करने वाली एजेंसी ने कहा कि एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र आंध्र प्रदेश के तट पर पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है।

एक चक्रवाती परिसंचरण आंध्र प्रदेश के तट पर पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है। साथ ही एक पूर्व-पश्चिम ट्रफ चक्रवाती परिसंचरण से आंध्र प्रदेश तट पर पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी से तटीय कर्नाटक तक जाती है। वहीं, एक पूर्व-पश्चिम ट्रफ रेखा चक्रवाती परिसंचरण से आंध्र प्रदेश तट से दूर पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर तटीय कर्नाटक तक जाती है।

इन प्रणालियों के प्रभाव में तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में शनिवार को भारी बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 4 अक्टूबर को भारी बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया है। आईएमडी की चेतावनी के मुताबिक, ओडिशा में 4 अक्टूबर तक कुछ जगहों पर भारी बारिश की संभावना है। वहीं 3 और 4 अक्टूबर को कुछ स्थानों पर भी भारी वर्षा की संभावना है। झारखंड और पश्चिम बंगाल में अगले दो-तीन दिनों के दौरान हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

आईएमडी ने कहा है, एक से लेकर चार तारीख तक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा 2 से 4 अक्टूबर तक असम और मेघालय में भी बारिश हो सकती है। एक सी तीन अक्टूबर तक नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी भारी बारिश के आसार हैं।

## सीबीआई ने पहली चार्जशीट में पार्थ को बताया मास्टरमाइंड

**कोलकाता (आरएनएस)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने करोड़ों रुपये के पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) घोटाले में अपनी पहली चार्जशीट में, पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को साजिश के पीछे प्रमुख मास्टरमाइंड के रूप में चिन्हित किया है। सीबीआई के सूत्रों के अनुसार, अधिकारी उन लोगों की पहचान कर रहे है, जिन्हें अवैध रूप से भर्ती किया जाना था और साथ ही उन योग्य उम्मीदवारों की भी पहचान की जा रही है, जिनके नाम अयोग्य लोगों को समायोजित करने के लिए योग्यता सूची से बाहर कर दिए गए थे।

सीबीआई के एक अधिकारी ने कहा, हमारे अधिकारियों ने इनमें से कई अयोग्य उम्मीदवारों की मूल ऑप्टिकल मार्क रिकग्निशन शीट बरामद की और देखा कि आयोग के सर्वर में उल्लिखित अंक औसतन 50 अंकों से कम थे। साजिश के इन सभी पहलुओं का उल्लेख चार्जशीट में किया गया है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), जो इस मामले की जांच कर रहा है, ने 19 सितंबर को इस मामले में अपना पहला आरोप पत्र दायर किया था। सीबीआई और ईडी दोनों की पहली चार्जशीट में पार्थ



चटर्जी का नाम शामिल है।

दो आरोपपत्रों में बुनियादी अंतर यह है कि जहां सीबीआई के आरोप पत्र में घोटाले को अंजाम देने के तौर-तरीकों का ब्योरा दिया गया है, वहीं ईडी की चार्जशीट में पूरे घोटाले में फंड के लेन-देन का विवरण दिया गया है। सीबीआई के एक अधिकारी ने कहा, दोनों आरोपपत्रों की सामग्री में पार्थ चटर्जी एक आम कड़ी हैं।

सीबीआई के अधिकारी ने जांच की प्रगति का श्रेय डब्ल्यूबीएसएससी के अंदरूनी सूत्रों के एक वर्ग को दिया हैं, जिन्होंने घोटाले से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी और दस्तावेजों को एजेंसी तक पहुंचाया। अधिकारी ने कहा, उन्होंने सच्चे व्हिसल ब्लोअर की भूमिका निभाई।

पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। उन्हें 31 अक्टूबर 2022 तक पूरा महीना सलाखों के पीछे बिताना होगा।

## अवैध खनन के खिलाफ राजस्व विभाग की बड़ी कार्यवाई, 2 अधिकारी निलंबित

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु के राजस्व विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में अवैध खनन के खिलाफ कदम उठाए हैं। अरियालुर जिले में दो ग्राम प्रशासनिक अधिकारियों (वीएओएस) को राजस्व मंडल अधिकारी (आरडीओ) द्वारा निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि वे एक अवैध चूना पत्थर खनन करने वाले गिरोह की मदद कर रहे थे।

करुप्पुर सेनापति, रेड्डीपलयम, पेरियाथिरुक्कोनम, उंजिनी और थलवई में भी अवैध खनन होने की खबरें सामने आ रही हैं।

अवैध खदानों वाले 11 ट्रकों को जब्त करने के बाद दो वीएओ को निलंबित कर दिया गया। उन्होंने केवल यह उल्लेख किया कि वाहन अपनी क्षमता से अधिक सामग्री ले जा रहे थे। वाहनों को बचाने की



कोशिश की गई थी।

आरडीओ ने उचित जांच पर पाया कि परिवहन किया जा रहा चूना पत्थर अवैध खदानों से निकाला गया था और दोनों वीएओ अपने अधिकार क्षेत्र में खदानों और खानों की वैधता की जांच के लिए जिम्मेदार थे। तिरुचि में स्पेशल एक्शन ग्रुप चलाने वाले पर्यावरण कार्यकर्ता आर. राजेंद्रन ने कहा कि , अरियालुर में भारी मात्रा में ट्रक अवैध खदानों से निकाले गए खनिजों का परिवहन कर रहे हैं। वे पर्यावरण को नष्ट कर रहे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इन लोगों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है।

थेनी जिले में अवैध खनन के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए हैं, जिसमें पत्थरों सहित भारी मात्रा में सामग्री को केरल ले जाया जा रहा है।

थेनी के एक सामाजिक कार्यकर्ता आर. इलावरसन ने कहा , इन खदानों में बड़े पैमाने पर खनन हो रहा है। उनमें से ज्यादातर अवैध हैं। हमने कई कार्यालयों को कई शिकायतें दी हैं लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। हम स्थिति को सामने लाने के लिए सडक़ रोको आंदोलन की योजना बना रहे हैं। अगर अवैध खनन को खत्म नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में बड़ी प्राकृतिक आपदाएं आ सकती हैं। डिंडीगुल, मदुरै, तिरुनेलवेली और थूथुकुडी जिलों से अवैध खनन की शिकायतें आ रही हैं।

राजस्व विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एक कार्रवाई पहले ही शुरू हो चुकी है और अरियालुर, कोयंबटूर, डिंडीगुल और तिरुनेलवेली में अवैध चूना पत्थर और अन्य सामग्री ले जाने वाले कई वाहनों को जब्त कर लिया गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि अवैध परिवहन को रोकने के लिए विशेष दस्ते शामिल हैं और जिन खदानों के पास लाइसेंस नहीं है, उन्हें बंद किया जा रहा है।

## 10 साल की मासूम से रेप के दोषी को 142 साल की सजा, 5 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केरल में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां, पतनमतिट्टा की एक पोक्सो अदालत ने 10 साल की बच्ची के साथ दो साल तक यौन उत्पीडऩ करने वाले 41 साल के व्यक्ति को 142 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ-साथ कोर्ट ने दोषी व्यक्ति पर 5 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अगर दोषी ने जुर्माना नहीं भरा तो उसके एवज में उसे तीन साल और कारावास भुगतना होगा।

यह जिले में एक पॉक्सो मामले में किसी दोषी को दी गई अब तक की सबसे अधिक सजा है। दोषी शख्स का नाम आनंदन पीआर उर्फ बाबू है। कोर्ट के आदेश के मुकातबिक बाबू को 60 साल जेल की सजा काटनी होगी। व्यक्ति के खिलाफ 20 मार्च 2021 को तिरुवल्ला पुलिस ने 2019-20 के बीच 10 साल की बच्ची के साथ बलात्कार करने और कई बार क्रूर तरीके



से यौन उत्पीडऩ करने का मामला दर्ज किया था।

बाबू बच्ची का रिश्तेदार लगता था और उसके माता-पिता के साथ उसी के घर में रहता था। पतनमतिट्टा पुलिस के मुताबिक, इस मामले में बच्ची की ओर से पोक्सो अभियोजक वकील जेसन मैथ्यूज पेश हुए थे।

मामले में बच्ची का बयान, उसके मेडिकल रिकॉर्ड के साथ-साथ और भी जितने सबूत थे सभी पेश किए गए थे। जिसके बाद कोर्ट ने सबूतों के आधार पर आरोपी को 142 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई।

# छत्तीसगढ़ को मिला बेस्ट परफार्मिंग स्टेट का द्वितीय पुरस्कार

- छत्तीसगढ़ का पाटन एक लाख से कम आबादी वाले साफ शहरों में देश में दूसरे स्थान पर
- नई दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में आयोजित स्वच्छ अमृत महोत्सव में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया पुरस्कृत
- छत्तीसगढ़ के 11 निकायों को मिला स्वच्छता पुरस्कार

**रायपुर/नईदिल्ली (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर साबित किया है कि देश के सबसे साफ सुथरे राज्यों में से एक है। छत्तीसगढ़ को स्वच्छ अमृत महोत्सव कार्यक्रम में बेस्ट परफार्मिंग स्टेट की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। छत्तीसगढ़ के नगरीय प्रशासन व श्रम मंत्री शिवकुमार डहरिया ने नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मु के हाथों अवार्ड ग्रहण किया। इस सम्मान समारोह में प्रदेश के 11 नगरीय निकायों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिये गए हैं। कार्यक्रम में आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी, राज्य मंत्री कौशल किशोर भी शामिल रहे।




गौरतलब है कि भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्यमंत्रालय द्वारा हर साल देश के समस्त शहरों एवं राज्यों के मध्य स्वच्छ सर्वेक्षण का आयोजन किया जाता है। इसमें विभिन्न मापदंडों के अंतर्गत शहरी स्वच्छता का आंकलन किया जाता है।

छत्तीसगढ़ में नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी के सिद्धांतों के अनुरूप 9000 से अधिक स्वच्छता दीदियों द्वारा घर-घर से 1600 टन गीला एवं सूखा कचरा एकत्रीकरण करते हुए वैज्ञानिक रीति से कचरे का निपटान किया जा रहा है। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट कार्यों से पूरे देश में स्वच्छता का डंका बजाया है।

छत्तीसगढ़ राज्य सहित विभिन्न नगरीय निकायों को विभिन्न श्रेणियों को 12 पुरस्कार मिले हैं। वहीं दुर्ग जिले का पाटन एक लाख से कम आबादी वाले साफ शहरों में देश मे दूसरे स्थान पर रहा।

ईस्ट जोन में क्लीन सिटी का खिताब चिरमिरी, जशपुरनगर, खोंगापानी, विश्रामपुर को विभिन्न आबादी श्रेणियों में मिला है।

वहीं, ईस्ट जोन में 25- 50 हजार आबादी की श्रेणी में बलौदाबाजार को सिटीजन फीडबैक अवॉर्ड दिया गया।

नई दिल्ली में पुरस्कार ग्रहण करने शहरी विकास मंत्री शिव कुमार डहरिया, विभाग की सचिव अलरमेलमंगई डी, स्वच्छ भारत मिशन के डायरेक्टर सौमिल रंजन चौबे, राज्य शहरी विकास अभिकरण के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष टिकरिहा, सहित जनप्रतिनिधि स्वच्छता दीदी आदि समारोह में उपस्थित रहे।

नगरीय निकाय हुए पुरस्कृत

नगर पालिक निगम अंबिकापुर के महापौर डॉ अजय तिर्की, नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा महापौर निर्मल कोसरे, नगर पालिक निगम चिरमिरी महापौर श्रीमती कंचन जायसवाल, नगर पालिका परिषद अकलतरा अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी भारते, नगर पालिका परिषद बलौदाबाज़ार अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, नगर पालिका परिषद बलरामपुर अध्यक्ष श्रीमती सुंदरमनी मिंज, नगर पालिका परिषद कवर्धा अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, नगर पालिका परिषद जशपुरनगर अध्यक्ष नरेश चंद्र साय, नगर पंचायत विश्रामपुर अध्यक्ष आशीष सिंह, नगर पंचायत खोंगापानी अध्यक्ष धीरेंद्र विश्वकर्मा, नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप सहित नगर निगम के आयुक्त, सीएमओ सहित नोडल अधिकारियों व स्वच्छता दीदियों ने विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार ग्रहण किया।